Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 06 October 2024

Dainik Jagran Page - 02, 04

सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रम के शिक्षक भी कराएंगे पीएचडी

सेल्फ फाइनेंस मोड में पीएचडी कराने की तैयारी विश्वविद्यालय ने बनाई रूपरेखा बैठक में होगा फैसे निर्धारण

गुलामी से नहीं बच सकता कविता, कला व भाषा को न बचा पाने वाला : प्रो. चित्तरंजन

Amar Ujala Page - 07, 10

आलोचना सहदय संवाद : प्रो. चित्तरंजन

गणित के विभागाध्यक्ष बने प्रो. विजय शंकर वर्मा

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय के गणित विभाग के अध्यक्ष के रूप में प्रो. विजय शंकर वर्मा ने शनिवार को प्रो. विजय कुमार से कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनका कार्यकाल एक साल 17 दिनों का होगा। प्रो. विजय कुमार के अध्यक्षीय कार्यकाल में गणित विभाग ने कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कीं। प्रो. विजय कुमार ने कार्यभार ग्रहण कर रहे प्रो. वीएस वर्मा को शुभकामनाएं दीं। प्रो. वर्मा इससे पहले भी विभागाध्यक्ष रहे हैं। संवाद

Hindustan Page - 05, 06

आलोचना का काम जड़ता से टकराना है : प्रो. चित्तरंजन

संगोष्ठी

प्रो. टीवी कट्टीमनी की पुस्तक का विमोचन

गोरखपुर, निज संवाददाता। डीडीयू के हिन्दी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. चित्तरंजन मिश्र ने कहा कि आलोचना सहदय संवाद है। यह सहदय संवाद करते हुए रचना की अर्थ मीमांसा में उतरना पड़ता है। अर्थ की मीमांसा में उतरे बिना यदि रचना पर आप कुछ अपने मन का बोलते हैं तो आप रचना के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे।

प्रो. चित्तरंजन डीडीयू के हिन्दी विभाग और केंद्रीय हिन्दी निदेशालय द्वारा संयुक्त भवन में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन मंच को संबोधित कर रहे थे। प्रो. नंद किशोर पांडेय ने कहा कि भौतिक मेधा अपनी चरम में पहुंची है। प्रो. दीपक प्रकाश त्यागी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा तभी बचेगी जब भारतीय भाषाएं बचेंगी। नाथिक के प्रो. विजय उपाध्याय अवस्थी ने कहा कि हिंदी का चरित्र टेक्नोलॉजी एवं भारत की सांस्कृतिक चाक्षात्मक एकता से जुड़ा हुआ है। इग्नू के प्रो. नंद किशोर मिश्र ने कहा हिंदी शिक्षा जगत में सिकुड़ रही है लेकिन बाजार में बढ़ रही है इसका उदाहरण सिनेमा और वेबिनार में देखा जा सकता है। प्रो. रामदरश राय, प्रो. ओमेश वालम, डॉ. दामोदर तिवारी, विद्युत की प्रो. मिलन रानी जयसिंह, प्रो. गौरव तिवारी आदि ने भी संबोधित किया।

Inext Page - 02, 04

डीडीयू में सेल्फ फाइनेंस शिक्षक भी कराएंगे पीएचडी

Amar Ujala Select Page - 02, 05

डीडीयू : दशहरा में अब चार दिनों तक रहेगी छुट्टी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों में दशहरा पर चार दिनों तक छुट्टी रहेगी। कैलेंडर में दशहरा पर सिर्फ एक दिन का अवकाश घोषित किया गया था। कुलसचिव प्रो. सोनपु त्यागी ने सोमवार को आदेश जारी कर दिया। दशहरा की छुट्टियों के चलते विश्वविद्यालय और कॉलेज चार दिनों तक बंद रहेंगे। दशहरा पर 10 से 12 तक सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इसके अलावा 13 अक्टूबर को रविवार है। दशहरा का अवकाश बढ़ाए जाने को लेकर स्ववित्तपोषित कॉलेजों के स्थाय शिक्षक और कर्मचारी भी खुश नजर आ रहे थे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कैलेंडर में दशहरा वाली 12 अक्टूबर को अवकाश घोषित किया था। इसके अलावा 11 अक्टूबर को महाअष्टमी के दिन निर्धारित अवकाश घोषित था। शिक्षक-कर्मचारी अवकाश बढ़ाए जाने की लंबित मुलायमी और कुलसचिव से आग्रह कर रहे थे।

प्रो. विजय शंकर वर्मा बने गणित के विभागाध्यक्ष

गोरखपुर। डीडीयू के गणित विभाग के अध्यक्ष के रूप में प्रो. विजय शंकर वर्मा ने शनिवार को प्रो. विजय कुमार से कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनका कार्यकाल 1 साल 17 दिन होगा।

प्रो. विजय कुमार के अध्यक्षीय कार्यकाल में गणित विभाग ने कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कीं। प्रो. विजय कुमार ने कार्यभार ग्रहण कर रहे प्रो. वीएस वर्मा को शुभकामनाएं दीं।

डीडीयू में कार्य परिषद का एजेंडा जारी

गोरखपुर। डीडीयू में 10 अक्टूबर को आयोजित कार्य परिषद का एजेंडा शनिवार को जारी हो गया। इसमें सहित विश्वविद्यालय के विकासके खुलेंगे। नवी वरिष्ठता एसोसिएट सदस्य (सीएएस) के तहत विभिन्न विभागों की संस्तुतियों पर भी विचार किया जाएगा। डीडीयू में सहित पद रिक्तियों के कुल 65 पदों पर रिक्तियां निकली थीं। इनमें से 23 नियुक्तियां हो चुकी थीं। शनिवार को शेष नियुक्तियों पर मुहर लगेगी।

Rashtriya Sahara Page - 07

आलोचना का काम जड़ता से टकराना है : प्रो. चितरंजन मिश्र

प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 तक

गोरखपुर (एसएनबी)। गोविवि. में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश एवं पंजीकरण फार्म भरकर जमा करने की तिथि 20 सितंबर 2024 से 10 अक्टूबर 2024 तक निर्धारित की गई है। इस अवधि के बाद 11 अक्टूबर 2024 से प्रवेश एवं पंजीकरण फरफार्म विलंब शुल्क ₹ 500 प्रति छात्र के साथ ही लिया जायेगा। यह जानकारी कुलसचिव ने दी।